दिनांक

# अगर पेड़ भी चलते होते

दिवस –79

**शिक्षण–निर्देश :**

'अगर पेड़ भी चलते होते' कविता का समवेत स्वर में गायन करवाएँ तथा विद्यार्थियों से बातचीत करें।

अगर पेड़ भी चलते होते,
कितने मज़े हमारे होते।
बाँध तने में उसके रस्सी,
जहाँ कहीं भी ले जाते।
अगर कहीं पे धूप सताती,
उसके नीचे झट सुस्ताते।
जहाँ कहीं भी वर्षा हो जाती,
उसके नीचे हम छिप जाते।



भूख सताती अगर अचानक,
तोड़ मधुर फल उसके खाते।
आती कीचड़ बाढ़ कहीं तो,
ऊपर उसके झट चढ़ जाते।

दिनांक

# अगर पेड़ भी चलते होते

दिवस- 80

**शिक्षण–निर्देश :**

विद्यार्थियों को 'चलना' शब्द के विविध अर्थ तथा प्रयोग के बारे में बताएँ, जैसे– काम चलाना, राह चलना, चाल चलना, पंखा चलना, बिजली का चले जाना आदि। साथ ही साथ कविता में आने वाले शब्दों से एक–एक वाक्य बनवाएँ।

## प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

(क) आप धूप से बचने के लिए क्या–क्या करते हैं?

(ख) आपको किन–किन कामों को करने में मज़ा आता है?

(ग) छुप्पा–छुप्पी खेल में आप कहाँ–कहाँ छिप सकते हैं?

## शब्द बनाइए–

झरना — टपक

तबला — नाच

भूलना — खरीद

धूल — पतंग

फल — लता

छिलका — पता

दिनांक

# अगर पेड़ भी चलते होते

दिवस- 81

**शिक्षण–निर्देश :**

पूरी कविता का समवेत स्वर में गायन करवाएँ तथा पूरी कक्षा को दो समूहों में बाँटकर 'अगर' और 'कहीं' शब्द से वाक्य बनवाएँ।

## अगर पेड़ चलते तो आप क्या करते–

(क) उसके तने में रस्सी बाँधकर–

(ख) धूप सताने पर–

(ग) भूख सताने पर–

(घ) बाढ़ आने पर–

## अगर पेड़ चलते होते तो क्या–क्या हो सकता है (✓) का निशान लगाइए–


(क) जंगल के सारे पेड़ गायब हो जाते

(ख) चिड़ियाँ अपना घोंसला ढूँढ़ती रहती

(ग) हम पेड़ पर बैठकर सैर करते

(घ) लोग फलवाले पेड़ अपने घर ले आते

## शब्द लड़ी बनाइए–



दिनांक

# अगर पेड़ भी चलते होते

दिवस- 82

**शिक्षण–निर्देश :**

पूरी कविता का समवेत स्वर में गायन करवाएँ तथा चलना, नीचे, चढ़ना, मधुर आदि शब्दों की सहायता से विद्यार्थियों को विलोम शब्द की समझ दें।

## नीचे दिए गए वाक्यों में मोटे अक्षरों में लिखिए शब्दों को उसके समान लय वाले शब्दों से बदलिए और वाक्य दुबारा लिखिए–

(क) अगर **पेड़** भी चलते होते

(ख) जहाँ कहीं भी **वर्षा** हो जाती

(ग) तोड़ **मधुर** फल उसके खाते

(घ) बाँध तने में उसके **रस्सी**

## रेखा खींचकर मिलान कीजिए–

| | |
|---|---|
| (क) छाता | (च) जंगल |
| (ख) पेड़ | (छ) मीठा |
| (ग) फल | (ज) बाँधना |
| (घ) रस्सी | (झ) वर्षा |

## किन्हीं पाँच फूलों के चित्र नीचे चिपकाइए तथा उसके नाम लिखिए–

| दिनांक | # अगर पेड़ भी चलते होते | दिवस- 83 |
|---|---|---|

**शिक्षण–निर्देश :**

पूरी कविता का समवेत स्वर में गायन करवाएँ तथा भालू के रंग–रूप, भोजन तथा उसके आवास से संबंधित महत्त्वपूर्ण बातों की चर्चा करें।

## अपने आस–पास नजर आने वाले पेड़ों के नाम लिखिए–

| | | |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |


## आप पेड़ का किस–किस रूप में उपयोग करते हैं?(✓) का निशान लगाइए–







## पेड़ के भागों के नाम लिखिए और रंग भरिए–



दिनांक

# अगर पेड़ भी चलते होते

दिवस- 84

**शिक्षण–निर्देश :**

पूरी कविता का समवेत स्वर में गायन करवाएँ तथा फलों के प्रकार, स्वाद, रंग, लाभ आदि पर बातचीत करें।

## अपने आस–पास नजर आने वाले फूलों के नाम लिखिए–


| | | |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |


## कविता में कई काम वाले शब्द आए हैं, जैसे– चलते, खाते, चढ़ते आदि। तस्वीरों को देखकर काम वाले शब्द लिखिए–













| ये कहाँ रहते हैं– | पेड़ का चित्र बनाइए– |
|---|---|
| मछली – पानी में | |
| घोड़ा – | |
| गाय – | |
| चिड़ियाँ – | |
| चूहा – | |
| शेर – | |